Rashtriya Sahara-New Delhi-
22-03-2011

आज से शुरू होगा दिल्ली में बिहार उत्सव

नई दिल्ली (एसएनबी)। बिहार के 99वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार से देश की राजधानी दिल्ली बिहार की लोक संस्कृति से लेकर वहां के खान-पान और रश्म-ओ-रिवाज के रंग में रंग जाएगी। इतना ही नहीं पहली बार यहां तीन दिवसीय भोजपुरी फिल्म फेस्टिवल भी आयोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बिहार सरकार के उद्योग विभाग के प्रधान सचिव सीके मिश्रा ने दी। इस मौके पर बिहार के स्थानिक आयुक्त आलोक वर्धन और बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की प्रबंध निदेशक अंशुली आर्या भी मौजूद थे। 'हमारा बिहार' शीर्षक से आयोजित होने वाला बिहार उत्सव 22-28 मार्च तक कंस्टीट्यूटशन क्लब और पूर्वा सांस्कृतिक केन्द्र में होगा।

श्री मिश्रा ने कहा कि उत्सव के तहत बिहार की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासतों के साथ-साथ वर्तमान में हो रहे विकास को दिखाया जाएगा। जिनमें भागलपुरी सिल्क व मिथिला पेंटिंग से लेकर टेरा कोटा, मोतीहारी के सीप से निर्मित आभूषण आदि शामिल हैं। 28 मार्च को उत्सव का समापन सीरी फोर्ट में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम से होगा। जिसमें भोजपुरी के मशहूर गायक मनोज तिवारी व मालनी अवस्थी भोजपुरी गीतों से दिल्ली की फिजा को महकाएंगी।